**भारत सरकार**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 575**

**बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु**

**सेकी की सौर पीवी विद्युत परियोजनाएं**

**575. श्री पुष्पेंद्र सरोज:**

**क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) भारतीय सौर ऊर्जा निगम (सेकी) द्वारा विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश में वर्तमान में चल रही सौर पीवी विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनकी ऊर्जा क्षमता कितनी है;

(ख) वर्तमान में देश में विनिर्मित किए जा रहे और प्रमुख देशों से आयात किए जा रहे सौर-पीवी मॉड्यूलों की मात्रा कितनी है और उनका मूल्य कितना है;

(ग) सौर पीवी के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने हेतु अवार्ड पत्र के साथ अनुमोदित कंपनियों की राज्य-वार सूची का ब्यौरा क्या है तथा उनकी विनिर्माण इकाइयां कहां-कहां स्थित हैं;

(घ) क्या सरकार के पास पीएलआई समर्थित सौर पीवी विनिर्माण इकाइयों और सेकी की ऊर्जा परियोजना इकाइयों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजित होने और उनसे प्रतयाशित रोजगार का कोई अनुमान है; और

(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-बार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री**

**(श्री श्रीपाद येसो नाईक)**

(क): सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, विभिन्न राज्यों में सेकी द्वारा वर्तमान में कार्यशील सौर पीवी विद्युत परियोजनाओं का विवरण और उनकी क्षमताएँ **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं।

(ख): दिनांक 25.11.2025 को जारी मॉडलों और निर्माताओं की अनुमोदित सूची (ALMM) के अनुसार, देश में स्थापित सौर पीवी मॉड्यूल उत्पादन क्षमता 121.68 गीगावाट है।

वाणिज्य विभाग के निर्यात-आयात डेटा बैंक से संबंधित वेबसाइट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 (सितंबर 2025 तक) के दौरान देश में आयात किए गए सौर पीवी माड्यूलों की मात्रा और मूल्य, क्रमशः 180.58 लाख और 386.33 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

(ग): ऐसे निर्माता जिन्हें उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूलों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) योजना के तहत लेटर ऑफ़ अवार्ड जारी किया गया है, वे भारत में कहीं भी अपने विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। योजना के तहत चयनित विनिर्माताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, उनके सौर पीवी विनिर्माण संयंत्रों के संबंध में राज्यों के साथ कंपनियों की सूची **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

(ड) और (च): उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाले सौर विनिर्माताओं द्वारा दिनांक 31.10.2025 की स्थिति के अनुसार, उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का विवरण **अनुलग्नक-III** के भाग-क में दिया गया है।

सेकी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सेकी की परियोजना में सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का विवरण **अनुलग्नक-III** के भाग-ख में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**'सेकी की सौर पीवी विद्युत परियोजनाएं' के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 575 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**सेकी द्वारा अपनी निवेश के माध्यम से स्थापित वर्तमान में संचालित सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विवरण।**

| **क्र.सं.** | **परियोजना** | **क्षमता (मेगावाट)** | **परियोजना स्थान** |
|---|---|---|---|
| 1 | 10 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | 10 | बड़ी सिड, जोधपुर राजस्थान |
| 2 | 10 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड एसपीवी | 10 | कोलार, कर्नाटक |
| 3 | 140 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 100 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | 140 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 100 मेगावाट | राजनांदगांव छत्तीसगढ़ |
| 4 | 1 मेगावाट रूफटॉप सौर पीवी | 1 | पोर्टब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| 5 | 1.4 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 1.7 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | 1.4 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 1.7 मेगावाट SPV | अगरत्ती और कवरत्ती द्वीप, लक्षद्वीप |

**अनुलग्नक-II**

**'सेकी की सौर पीवी विद्युत परियोजनाएं' के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 575 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II**

| क्र. सं. | **कंपनी/एसपीवी का नाम** | **विनिर्माण इकाई(यों) का स्थान** |
|---|---|---|
| **उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना का चरण- I** | | |
| 1 | शिरडी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड/ इंडोसोल सोलर प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश |
| 2 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | गुजरात |
| 3 | अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड | गुजरात |
| **उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना का चरण- II** | | |
| 1 | इंडोसोल सोलर प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश |
| 2 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | गुजरात |
| 3 | FS इंडिया सोलर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 4 | वारी एनर्जीज लिमिटेड/ संगम सोलर वन प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात, महाराष्ट्र |
| 5 | अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश,, महाराष्ट्र |
| 6 | रीन्यू फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान, गुजरात |
| 7 | JSW रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड | राजस्थान |
| 8 | ग्रू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर |
| 9 | VSL ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 10 | AMPIN सोलर वन प्राइवेट लिमिटेड | ओडिशा |
| 11 | TP सोलर लिमिटेड | तमिलनाडु |

**अनुलग्नक-III**

**'सेकी की सौर पीवी विद्युत परियोजनाएं' के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 575 के भाग (घ) और (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III**

**क. उच्च दक्षता वाले सोलर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना के तहत परियोजनाओं में रोज़गार का सृजन**

| क्र.सं. | कंपनी/एसपीवी का नाम | रोज़गार का सृजन | | निर्माण इकाई(यों) का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रत्यक्ष | अप्रत्यक्ष | |
| **उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना का चरण- I** | | | | |
| 1 | शिरडी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड/ इंडोसोल सोलर प्राइवेट लिमिटेड | 610 | 700 | आंध्र प्रदेश |
| 2 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 1121 | 8901 | गुजरात |
| 3 | अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 148 | 181 | गुजरात |
| **उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए पीएलआई योजना का चरण- I I** | | | | |
| 1 | इंडोसोल सोलर प्राइवेट लिमिटेड | 310 | 0 | आंध्र प्रदेश |
| 2 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड | 1683 | 10402 | गुजरात |
| 3 | FS इंडिया सोलर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड | 969 | 579 | तमिलनाडु |
| 4 | वारी एनर्जीज लिमिटेड/ संगम सोलर वन प्राइवेट लिमिटेड | 55 | 739 | गुजरात, महाराष्ट्र |
| 5 | अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड | 1176 | 1523 | उत्तर प्रदेश,, महाराष्ट्र |
| 6 | रीन्यू फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड | 3400 | 3000 | राजस्थान, गुजरात |
| 7 | JSW रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड | 20 | 50 | राजस्थान |
| 8 | ग्रू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | 1560 | 239 | राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर |
| 9 | VSL ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड | 47 | 998 | तमिलनाडु |
| 10 | AMPIN सोलर वन प्राइवेट लिमिटेड | 120 | 80 | ओडिशा |
| 11 | TP सोलर लिमिटेड | 2061 | 2139 | तमिलनाडु |

**ख. सेकी की अपनी परियोजनाओं में रोजगार का विवरण:**

| परियोजना | परियोजना स्थान - राज्य | प्रत्यक्ष रोजगार (सेकी द्वारा सीधे भर्ती) | अप्रत्यक्ष रोजगार |
|---|---|---|---|
| 10 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | बड़ी सिड, जोधपुर राजस्थान | 1 | 18 |
| 10 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड एसपीवी | कोलार, कर्नाटक | 1 | 12 |
| 140 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 100 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | राजनांदगांव छत्तीसगढ़ | 2 | 83 |
| 1 मेगावाट रूफटॉप सौर पीवी | पोर्टब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 2 |
| 1.4 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के साथ 1.7 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सोलर फोटोवोल्टिक (SPV) | अगरत्ती और कवरत्ती द्वीप, लक्षद्वीप | 1 | 8 |

****